RAWA RAJPUT ONLINE PORTAL

Ek Community - Ek Statement

# Educational Module

## Shivanand Mogha

WWW.RAWARAJPUT.IN

# Module’s

01 एजुकेशनल नोटिफिकेशन

01 Educational Notification

02 डिजिटल लाइब्रेरी

03 जॉब ओरिएंटेड कोर्स

Job Oriented Course

04 छात्रवृति योजना

05 बच्चो को प्रोत्साहन योजना

06 प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु

07 करियर काउंसलिंग सुविधा

08 शैक्षिक काउंसलिंग

09 मोटिवेशनल अनुभव/विचार/वीडियो

10 CSR फंडिंग

## एजुकेशनल नोटिफिकेशन

आज के इस दौर में भी हमारे बच्चे कॉलेज एडमिशन या जॉब सम्बंधित सूचना के समय समय पर नहीं मिलने से भी पीछे रह जाते है। एजुकेशनल नोटिफिकेशन के माध्यम से हम लोग बच्चो को उनके स्टैण्डर्ड एवं प्रार्थमिकता के आधार पर समय समय पर सम्बंधित परीक्षा के विज्ञापन, परिणाम और काउंसलिंग/इंटरव्यू की जानकारी व्हाट्सप्प एवं कॉल के माध्यम से मुहैया कराएँगे

एजुकेशनल नोटिफिकेशन

# कैसे इम्प्लीमेंट करेंगे

| P1 | P2 | P3 |
|---|---|---|
| 1 Member | Max. 4 Member | No Limit |

**P1 :** जो एडमिन पैनल से नोटिफिकेशन डालकर, बच्चो का ग्रेड सेलेक्ट करके सेंड कर सके
आईटी नॉलेज होनी चाहिए

**P2 :** ये वो स्टूडेंट होंगे जो कॉम्पिटिटिव एग्जाम की'तैयारी कर रहे हो या जो लगातार एम्प्लॉयमेंट/न्यूज़ पेपर पढ़ते हो। ये किसी भी कम्युनिटी से हो सकते है। हमे माध्यम, हायर एवं कॉलेज लेवल के 3 स्टूडेंट चाहिए। ये बच्चे P1 को जानकारी देंगे जिसे p1 पैनल में डालकर हमारे बच्चो तक जानकारी पहुचायेंगे।

**P3 :** जो भाई शिक्षा को बढ़ावा देना चाहते है, उनको केवल https://www.rawarajput.in/eproject/educational-notification लिंक बच्चो तक भेजते रहना है। लिंक पर बच्चे अपने आप अपनी जानकारी दाल देंगे और उनको ये सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।

## डिजिटल लाइब्रेरी

जो बच्चे आर्थिक स्थिति की वजह से अपने करियर सम्बंधित पुस्तके, अध्ययन सामग्री या जरुरी मैगज़ीन नहीं जुटा पाते उनके लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जरुरी अध्यन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसका पूरा विवरण ऑनलाइन होगा और बच्चो के घर पर पठन - पाठन सामग्री पहुचायी जाएगी।

# कैसे इम्प्लीमेंट करेंगे

| P1 | P2 | P3 |
|---|---|---|
| 1 Member | 1 Member | No Limit |

इसको इम्प्लीमेंट करने के लिए केवल 2 सदस्य (P1 & P2) होंगे। एक सदस्य (P1) जो बच्चो की एप्लीकेशन के आधार पर पुस्तके उपलब्ध कराएँगे (पब्लिकेशन और कीमत का हिसाब भी रखना) और दूसरे (P2) पुस्तक को लेकर बच्चो के एड्रेस पर कूरियर करेंगे। जो बच्चे पुस्तकों की डिमांड करेंगे वो सार्वजानिक पोर्टल के लिंक पर डाली जाएगी ताकि अगर कोई भाई पुस्तके दान देना चाहेंगे तो वो P1 से समपर्क करके पुस्तक दान कर सकते है। धीरे धीरे, बच्चो की रूचि के अनुसार हम लोग पुस्तकों का संग्राहलय बना सकते है।

**P3 :** जो भाई शिक्षा को बढ़ावा देना चाहते है, उनको केवल https://www.rawarajput.in/eproject/digital-library लिंक बच्चो तक भेजते रहना है। लिंक पर बच्चे अपनी पुस्तके डाल सकते है जिसकी जानकारी सीधे P1 के व्हाट्सप्प पर आती रहेगी।

## जॉब ओरिएंटेड कोर्स

आजकल कुछ वोकेशनल एवं शार्ट टर्म्स कोर्सेज ऐसे है जिनके आधार पर बच्चे कही भी जॉब प्राप्त कर लेते है जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त करके भी आजकल जॉब नहीं मिलती। आजकल सबसे ज्यादा प्रचलित कोर्स वेब डिजाइनिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग हैं।

# कैसे इम्प्लीमेंट करेंगे

ऑनलाइन पोर्टल पर एक फॉर्म होगा जिसपर बच्चे क्लिक करके अपनी रूचि के अनुसार फॉर्म भर सकते है। फॉर्म में धीरे धीर कोर्स की संख्या बढ़ती जाएगी। पोर्टल के माध्यम से हमारी टीम सम्बंधित शॉर्टटर्म कोर्स की ट्रेनिंग देगी, जिसके बाद बच्चो को सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा और ये भी प्रयास रहेगा कि बच्चो के लिए प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जाये।

जो भाई शिक्षा को बढ़ावा देना चाहते है वो https://www.rawarajput.in/eproject/vocational-course लिंक को सम्बंधित बच्चो तक पहुंचाकर समाज सेवा कर सकते है।

# छात्रवृति योजना

जो बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ठ योग्यता रखते है और समाज और परिवार का नाम रोशन करने में सक्षम है ऐसे बच्चो को समाज, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रतिवर्ष छात्रवृति प्रदान करवाता है। इस योजना में समाज के कोई भी भाई अपने पूर्वजो के नाम से छात्रवृति की घोषणा कर सकते है जिसका प्रबन्ध ऑनलाइन पोर्टल की टीम द्वारा किया जायेगा।

# कैसे इम्प्लीमेंट करेंगे

इसको पूर्ण करने का कार्य केवल एक सदस्य का होगा। अगर कोई भाई अपने पूर्वजो के नाम पर कोई छात्रवृति देना चाहते है तो उनकी सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर दी जाएगी जिसके अगेंस्ट बच्चो से एप्लीकेशन ली जाएगी। जो बच्चे स्कालरशिप की योग्यता रखेंगे, उनको ये छात्रवृत्ति, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रतिवर्ष छात्रवृति देने वालो के करकमलो द्वारा दी जाया करेगी। इससे समाज में हमारे पूर्वजो का नाम सदैव रोशन रहेगा। जो भाई इसमें रूचि रखेंगे वो हमे अपना ना दे ताकि हम उनको ट्रेनिंग दे सके।

## बच्चो को प्रोत्साहन योजना

प्रतिवर्ष जो बच्चे बोर्ड की परीक्षा में या किस प्रतियोगी परीक्षा में या किसी सरकारी/गैर सरकारी संस्थान में विशेष उपलब्धि प्राप्त करते है, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उनको सामाजिक प्रोग्राम में प्रोत्साहित किया जायेगा जिससे उन बच्चो को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी। ऑनलाइन पोर्टल पर एक ऐसा लिंक होगा जिसपर क्लिक करके बच्चे अपनी परीक्षा परिणाम को डाल सकते है और मार्कशीट/सर्टिफिकेट भी अपलोड किया जायेगा। एडमिन टीम सर्टिफिकेट की जाँच करके अपडेट करेंगे और अपडेट करते ही, सम्बंधित बच्चे के व्हाट्सप्प पर उनका डिजिटल मेरिट सर्टिफिकेट लिंक चला जायेगा जिसे बच्चे कही भी प्रेजेंट कर सकते है।

# कैसे इम्प्लीमेंट करेंगे

एडमिन पैनल से एक कट ऑफ मार्क्स सेट करने से, टॉपर्स की सूची प्राप्त की जाएगी और ऐसे मेधावी बच्चो को वार्षिक प्रोग्राम में प्रोत्साहित किया जायेगा।

ये कार्य केवल एक सदस्य का है जिनको एडमिन पैनल की ट्रेनिंग दी जाएगी। सारी जानकारी उनके व्हाट्सप्प पर आती रहेगी, वो ट्रेनिंग के अनुसार बस एक क्लिक पर कार्य को कर सकते है। जो भाई इसमें रूचि रखते है वो अपना नाम जरूर दे।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु

आज बहुत सारे शिक्षण संसथान लाखो रुपए लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी करवाते है और स्टडी मटेरियल एवं टेस्ट सीरीज भी बहुत अधिक मूल्यों में उपलब्ध करते है। हम लोग विभिन्न इंस्टिट्यूट से संपर्क करके ये सभी सुविधा अपने बच्चो को निशुल्क उपलब्ध करवाते है।

जो बच्चे सिविल सर्विस, एसएससी, बैंकिंग - आईबीपीएस, NIFT, NID, NATA, BArch की तैयारी कर रहे है या करना चाहते है उनको पोर्टल पर प्रतियोगी परीक्षाओ का एक लिंक दिया जायेगा। जिस पर बच्चे रजिस्ट्रेशन करके सम्बंधित परीक्षाओ की ऑनलाइन क्लास, स्टडी मटेरियल एवं टेस्ट सीरीज निशुल्क ले सकते है जिसका प्रसारण उच्च क्वालिटी इंस्टिट्यूट से होगा।

# करियर काउंसलिंग सुविधा

प्रति वर्ष जो बच्चे बोर्ड/कॉलेज की परीक्षा उत्तीर्ण करते है, उनके लिए एक्सपर्ट्स के माध्यम से बच्चो के मार्क्स और रूचि के अनुसार करियर सम्बंधित जानकरी उपलब्ध कराने की सुविधा मुहैया कराना।

इसके लिए बोर्ड के परीक्षा के परिणाम के बाद 3 दिन के लिए एक वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग सुविधा होगी, जिसमे बच्चे अपने मार्क्स और रूचि के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकते है। एडमिशन सम्बंधित जानकारी भी मुहैया कराई जाएगी।

जो भाई इस क्षेत्र में रूचि रखते है वो समाज के बच्चो के लिए सहयोग करना चाहते है वो अपना नाम दे सकते है जिसके लिए मास्टर डिग्री एवं कम से कम प्रवक्ता ग्रेड पर कार्यरत होना जरुरी है। इसको ऑपरेट करने के लिए केवल एक सदस्य की जरुरत है बाकि वो अपने विवेक से अरेंगे कर सकते है।

## शैक्षिक काउंसलिंग

कक्षा 8 से कक्षा 10 के बीच पढ़ाई करने वाले बच्चो की काउंसलिंग एवं सुविधाओं हेतु एक योजना जिससे समाज के बच्चो में शिक्षा का प्रचार और प्रसार हो !

इसके लिए हम लोग एक पैनेलिस्ट का ग्रुप बना रहे है जिसमे वो लोग हिस्सा ले सकते है जिन्होंने अपने करियर में किसी ने किसी क्षेत्र में विशेष योग्यता या अनुभव प्राप्त किया हो। क्षेत्रो के अनुसार, ये पैनेलिस्ट समाज के बच्चो से रूबरू बात करके, उनको गाइड करेंगे ताकि बच्चो के अंदर भी जोश की भावना बढे और वो उनसे प्रेरित होकर आगे बढे।

जो भाई अपना नाम पैनेलिस्ट पैनल के लिए देना चाहते है वो https://rawarajput.in/panelist पर क्लिक करके अपना नाम जोड़ सकते है।

# शैक्षिक काउंसलिंग

21 अप्रैल 2024 को हमारी टीम ने एक काउंसलिंग राणा जी एन्क्लेव दिल्ली में की थी जिसमे श्री गजिंद्र पाल मोघा, श्री अरुण वर्मा, श्री सतीश चौहान , श्री विनोद कुमार एवं श्रीमती सीमा स्वस्ति ने भाग लिया था।










समाज के जितने भाई भाई या बहिन अपने करियर में सफल हुए है उनके जीवन में आने वाले उतार चढाव एवं संघर्ष को किस लेख या वीडियो के माध्यम से अपने बच्चो तक पहुँचाना ताकि उनके जीवन से बच्चे सिख ले सके। ये अनुभव कही न कही बच्चो को मोटीवेट जरूर करेगा। इसके लिए 2 सदस्यों की टीम होगी जो ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समाज के सभी पढ़ने वाले बच्चो तक पहुचायेगी।

जो भाई, इस दायित्व को संभल सकते है वो अपना नाम जरूर दे ताकि उनको ट्रेनिंग देकर, इस कार्य को शुरू किया जा सके


# CSR फंडिंग

शिक्षा के मॉडल में एक्सपेंस भी होगा जो आप और हमारे द्वारा ही किया जायेगा। ऑनलाइन पोर्टल CSR फंडिंग के लिए वो सभी एलिजिबिलिटी रखता है जिसके आधार पर CSR फंडिंग ली जा सकती है।

अगर कोई भाई CSR फंडिंग के बारे में जानकारी रखते है या इसके लिए कार्य करना चाहते है वो संपर्क करे। हम लोग उनको सम्पूर्ण जानकारी एवं डाक्यूमेंट्स उपलब्ध कराएँगे। पोर्टल के माध्यम से जमा पैसे का भी हिसाब किताब, इनके माध्यम से रखा जायेगा। इनको Educational Treasurer की भूमिका निभानी है।

इसके लिए कम से कम कॉमर्स ग्रेजुएट होना जरुरी है।

# Research Methods



# अपील

आज हम लोग अपने बच्चो के पीछे अपनी सम्पूर्ण दौलत लुटा देते है लेकिन फिर भी 75% लोगो को वो परिणाम नहीं मिल पाता जिसके लिए हमने सब कुछ दाव पर लगाया। अगर हम लोग, अपना 2% रुझान समाज के उन बच्चो के पीछे लगाएंगे जो आगे बढ़ने की काबिलियत रखते है तो हम लोग एक आदर्श समाज बना सकते है।

इसीलिए मेरी आप सभी भाइयो से ये अपील है की आप लोग अपनी अपनी कार्य क्षमता के अनुसार समाज को समय दे।

उपरोक्त सभी बिन्दुओ पर कार्य चल रहे है जो धीरे धीरे आप लोगो के समक्ष ग्रुप में शेयर किये जायेंगे।

# अपील

अगर कोई भाई किसी कार्य को करने में सक्षम नहीं होंगे तो वो ग्रुप में शेयर किये गए मैसेज को समाज के भाइयो और बच्चो तक पहुंचाकर भी अपना सहयोग कर सकते है।

किसी भी जानकारी या सुझाव के लिए 9968122049 पर कॉल या व्हाट्सप्प के माध्यम से संपर्क कर सकते हो। सभी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल के लिंक https://rawarajput.in पर अपडेट की जाएगी।

RAWA RAJPUT ONLINE PORTAL

Ek Community - Ek Statement

# Thank You

**9968122049**

*Shivanand Mogha*